हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम .24 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

4 विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी लागू






## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**रायगढ़।** अपनी प्रेमिका की शादी से दुखी एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। उक्त घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक नया गंज का रहने वाला अभिषेक देवांगन 30 का प्रेम प्रसंग कोतरा रोड क्षेत्र में रहने वाली 25 वर्षीय युवती के साथ करीब ढाई साल से चल रहा था। जहां दोनों कई बार एक-दूसरे से मिलते थे। लगभग 3 दिन पहले उसकी शादी हो गई। इस बात से युवक कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान हो गया था। गुरूवार की रात अभिषेक ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका के लिए कुछ बातें कहते हुए वीडियो में मरने की भी बात कही इसके बाद उसने घर में फांसी लगा ली। मामले की जानकारी उसके दोस्त को लगी और वह तत्काल उसके घर पहुंचा। उसके परिजनों को इन बातों को बताकर उसके कमरे में गए तो वह फांसी पर लटक चुका था।जिसके बाद उसे तत्काल फांसी के फंदे से उतारा गया और अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### मूर्ति अनावरण का कांग्रेस ने किया बहिष्कार

**रायगढ़।** किरोड़ीमल नगर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का कांग्रेस ने बहिष्कार कर दिया। इस संबंध में नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर के अध्यक्ष हरिकिशोर चन्द्रा ने इसे पूरी तरह राजनीतिक आयोजन करार दिया है और कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम के बहिष्कार की घोषणा कर दी । उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा 24 दिसंबर को लिखित आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। इससे यह संदेश जा रहा है कि आयोजन को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस द्वरार पत्र के माध्यम से यह भी साफ किया गया है कि इस परिस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष हरिकिशोर चन्द्रा एवं कांग्रेस पार्टी के कोई भी प्रतिनिधि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे ।

### एनएच 49 में हादसा चालक की मौत

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 49 पर बीती रात सड़क हादसा हो गया। रात करीब 9 बजे रानीसागर ओवरब्रिज पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर और चैनल गाड़ी के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक केबिन के भीतर ही फंस गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह ट्रेलर इस हादसे से ठीक पहले ग्राम देहजरी के कोल्ड स्टोरेज के पास एक पैदल यात्री को भी अपनी चपेट में ले चुका था, जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया था। फिलहाल खरसिया पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### वित्त मंत्री से भेंट, कॉलेज और बजट पर चर्चा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नगर पंचायत सरसीवा क्षेत्र में नवीन महाविद्यालय की स्थापना तथा इसे राज्य बजट में शामिल करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री के समक्ष क्षेत्र की शैक्षणिक आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की और नवीन महाविद्यालय के माध्यम से स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से सुना और कारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र के विकास को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रस्ताव पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### दोनों ब्लॉकों में साढ़े 33 हजार एमटी चावल की होती है जरुरत

# जिले के दो आदिवासी ब्लॉक लैलूंगा घरघोड़ा में पीडीएस चावल की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ जिले को धान उत्पादन में अन्य जिलों से बेहतर माना जाता है। इसके बाद भी दो आदिवासी ब्लॉक लैलूंगा और घरघोड़ा में पीडीएस चावल की कमी है। इसका कारण उत्पादन नहीं बल्कि वहां के मिलर चावल की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। दोनों ब्लॉक में केवल सात-सात राइस मिलर ही पंजीकृत हैं।

दूसरी ओर दोनों ब्लॉक में सालाना 33 हजार 664 एमटी चावल की जरुरत होती है, लेकिन वहां के मिलर इसे पूरा नहीं कर पाते हैं। हालात यह है कि पीडीएस चावल पड़ोसी जिले से आपूर्ति होती है। इससे शासन को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। चूंकि पीडीएस चावल की व्यवस्था शासन स्तर से होती है। जहां कमी होती है उसे पूरा करने के लिए दूसरे जिले के मिलरों को छूट दी जाती है। ऐसे में जिले के लैलूंगा और घरघोड़ा ब्लॉक में सारंगढ़ जिले के राइस मिलर चावल की आपूर्ति कर रहे हैं। रायगढ़ के बजाए सारंगढ़ जिले से आपूर्ति होने से परिवहन व्यय बढ़ गया है। जो जानकारी मिली है उसके अनुसार आदिवासी ब्लॉक घरघोड़ा ग्रामीण में 22 हजार 418 और निकाय में 2 हजार 678 राशन कार्ड प्रचलित हैं। इसी तरह लैलूंगा ब्लॉक ग्रामीण में 34 हजार 991 और नगरीय निकाय में 2 हजार 253 राशन कार्ड हैं। इतने राशन कार्डों में सालाना 33 हजार 664 एमटी चावल की जरुरत होती है। इसमें घरघोड़ा ब्लॉक में 19 हजार 600 और लैलूंगा ब्लॉक में 14 हजार 64 एमटी पीडीएस चावल की जरुरत होती है। हालांकि दोनों आदिवासी ब्लॉक में कस्टम मिलिंग के लिए मिलों की संख्या कम होने की वजह से पीडीएस चावल की आपूर्ति नहीं कर पाते हैं। इसके कारण बाहर या पड़ोसी जिले से इसकी पूर्ति की जाती है।

#### 5-5 सौ एमटी का मिला है टारगेट

दोनों ब्लॉक में 5-5 सौ एमटी पीडीएस चावल आपूर्ति का टारगेट मिला है। इसके लिए शासन स्तर से ही सारंगढ़ के दो राइस मिलरों को टेग किया गया है। चूंकि रायगढ़ और खरसिया के मिलर बाकी ब्लॉकों में चावल का आपूर्ति करते हैं। ऐसे में दोनों ब्लॉक के चावल की पूर्ति करने के लिए सारंगढ़ जिले का सहारा लेना पड़ रहा है। घरघोड़ा और लैलूंगा की दूरी काफी अधिक है। ऐसे में परिवहन व्यय बढ़ गया है।

#### ऐसे हैं दोनों ब्लॉक में कार्डधारी

घरघोड़ा ब्लॉकः अंत्योदय 4224 निराश्रित 21 अन्नपूर्णा 00 प्राथमिकता 16794 निःशक्तजन 31 एपीएल 1348, लैलूंगा ब्लॉकः अंत्योदय 7219 निराश्रित 132 अन्नपूर्णा 00 प्राथमिकता 25025 निःशक्तजन 06 एपीएल 2609

## लोन की राशि ग्राहकों से लेकर फरार हुआ एजेंट, बैंक को 9 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




फायनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट लोन क्लोज करने के नाम पर हितग्राहियों से पैसे वसूली किया और अपने खाते में जमा कर फरार हो गया । घटना खरसिया थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार भारत फायनेंस कंपनी के खरसिया ब्रांच के मैनेजर महेन्द्र कुमार जायसवाल ने खरसिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जांजगीर चांपा जिले के ग्राम मेहंदी निवासी चन्द्रहास पटेल माह जुलाई 2023 से सितम्बर 2024 तक उनकी शाखा में कलेक्शन एजेंट के पद पर कार्यरत था। इस दौरान उसने तकरीबन 39 महिला हितग्राहियों से किश्त एवं लोन क्लोज करने के नाम पर लोन की बकाया रकम एक मुस्त जमा लिया था , परंतु कंपनी में जमा नहीं किया था। इस बात की जानकारी मिलने पर सभी महिला हितग्राहियों ने कंपनी प्रबंधन से लिखित शिकायत की है। महिला हितग्राहियों द्वारा जब फायनेंस कंपनी में शिकायत की गई तब ब्रांच मैनेजर ने इसकी जांच कराई। जांच में चन्द्रहास पटेल ने सभी 39 हितग्राहियों से लगभग 9 लाख 20 हजार रूपए जमा करवा कर गबन कर ने का खुलासा हुआ। जब इस बारे में चन्द्रहास पटेल से मोबाइल पर संपर्क किया गया तब उसने लिए गए पैसे कुछ दिनों में जमा करने की बात कही। कुछ दिन बीत जाने के बाद भी जब उसने राशि नहीं लौटाई। तब उससे फिर संपर्क किया गया, लेकिन एजेंट का मोबाइल बंद हो गया। आखिरकार शाखा प्रबंधक ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने भारत फायनेंस कंपनी के खरसिया शाखा प्रबंधक महेन्द्र कुमार जायसवाल की रिपोर्ट पर आरोपी चन्द्रहास पटेल के विरूद्ध अमानत में खयानत का अपराध पंजीबद्ध करते हुए आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

## धान बिक्री कर लौट रहे किसान की गाड़ी की डिक्की से 50 हजार की उठाईगीरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान बिक्री कर लौट रहे किसान के मोटर साइकिल की डिक्की से दिन दहाड़े 50 हजार उठाईगिरी का मामला सामने आया है। धान बिक्री की राशि निकालकर किसान पशु आहार लेने गया था। इसी बीच किसी ने बाइक की डिक्की में रखे नकदी रकम पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित किसान ने इसकी रिपोर्ट थाने में कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर जांच शुरू की है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थानांतर्गत ग्राम कठानी निवासी उपेन्द्र गढ़तिया खेती किसानी का काम करता है। बुधवार को उपेन्द्र धान बिक्री करने के बाद पैसों की जरूरत पडऩे पर अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 यूई 0660 से पुसौर स्थित अपेक्स बैंक आया था। जहां उसने 50 हजार का आहरण किया और नोट की गड्डी तथा बैंक पास बुक कपड़े की थैली में डाला और बाहर निकल गया। कपड़े की थैली को बाइक की डिक्की में रखते हुए वह पशु आहार खरीदने चला गया। उपेन्द्र ने साहू पशु आहार दुकान के सामने बाइक खड़ी कर अंदर गया था। कुछ देर बाद जब वापस आया तो



गाड़ी की डिक्की खुली देख उसके पैरों तले जमीन सरक गई। डिक्की की जांच की तो कपड़े का थैला उसमे नहीं था किसी ने डिक्की तोड़ कर रूपए पर हाथ साफ कर दिया था। अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई के चोरी होने की उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## सेवानिवृत्त बिजली कर्मचारियों को बिल में 25 की जगह 50 फीसदी छूट, अब हो रही वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिजली विभाग द्वारा अपने विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिजली बिल में 50 प्रतिशत तथा सेवानिवृत्त होने पर 25 प्रतिशत की छूट मिलती है, लेकिन बिजली कंपनी की लापरवाही के चलते सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को 25 के बजाय 50 प्रतिशत की छूट लंबे समय तक मिलती रही। इस लापरवाही के कारण लाखों रुपए की वसूली नहीं हो सकी। अब इस राशि की वसूली के लिए सेवानिवृत्त कर्मियों को नोटिस भेजी जा रही है। बिजली बिल में एरियर्स की राशि जोड़ी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पावर कंपनी के करीब 50 से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कई साल पहले से ही बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही थी, जबकि नियम के अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें केवल 25 प्रतिशत छूट मिलनी चाहिए थी।




#### ऑडिट रिपोर्ट में पकड़ाई गलती

कई मामलों में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बिजली बिल में छूट को 25 प्रतिशत में परिवर्तित नहीं किया गया और वर्षों तक 50 प्रतिशत छूट जारी रही। अब ऑडिट में इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ है,इसमें पता चला कि गलती जोन कार्यालय स्तर पर हुई है। इसके बाद प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि अतिरिक्त दी गई छूट की राशि एरियर्स के रूप में वसूली जाएगी। इसके लिए कुछ कर्मियों को वसूली का नोटिस जारी किया गया है और कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल में एरियर्स की राशि जोड़ दी गई है।

#### 50 से अधिक कर्मचारी उठा रहे थे फायदा

बिजली विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले के कुल 54 कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने सालों से सेवानिवृत्ती के बाद मिलने वाली छूट का गलत फायदा उठाते हुए अब तक विभाग को लाखों रूपए का चूना लगा रहे थे, जांच के उपरांत अब इन कर्मचारियों से 9 लाख रूपए तक की राशि की वसूली विभाग के द्वारा की जा रही है।

जिले में कुछ कर्मचारियों को मिलने वाली छूट में 50 प्रतिशत का लाभ मिल रहा था, ऐसे कर्मचारियों को अब विभाग द्वारा नोटिस देकर वसूली की जा रही है।

**आरके राव**
ईई सीएसपीडीसीएल

#### मिड़मिड़ा बाजार में हर्षाल्लास के साथ मनाया गया परंपरिक गहरा मड़ाई मेला

## मड़ाई मेले में भेड़ों की लड़ाई ने बांधा समा, हजारों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम मिड़मिड़ा बाजार में पारंपरिक गहरा मड़ाई मेला पूरे हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। मेले की खास पहचान भेड़ों की लड़ाई रही जिसने मेले में समा बांध दिया। इसके आलावा उड़ीसा के झारसुगुड़ा के तलाबीरा से संस्कृत कार्यक्रम को देखने के लिए दूर.दराज से लोग पहुंचे हैं। प्रतियोगिता में विजेता भेड़ को 5000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। इस भव्य आयोजन में 20 से 30 हजार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आसपास के 30 गांवों से लोग इस परंपरागत मेले में शामिल हुए। कार्यक्रम में 10 पंचायतों के सरपंच प्रतिनिधि भी विशेष रूप से मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसारए हर साल की तरह इस वर्ष भी मिडमिडा ग्राम पंचायत में मड़ाई मेला बड़े स्तर पर आयोजित किया गयाए जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। मेले में पारंपरिक आयोजन ग्रामीण संस्कृति और आपसी भाईचारे की झलक देखने को मिली। आसपास के दर.दराज इलाकों



से लोग खास तौर पर इस मेले को देखने पहुंचे और पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहा। आयोजन समिति का कहना है कि गहरा मड़ाई मेला ग्राम पंचायत मिडमिडा में पिछले 50 सालों से भव्य रूप से मनाया जा रहा है। हर वर्ष आसपास के 30 गांवों से 20 से 30 हजार लोग यहां पहुंचते हैं। भेड़ों की प्रतियोगिता इस मेले की पहचान है, जिसमें विजेता को इनाम दिया जाता है। यह मेला हमारी परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है।

## पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला पति गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में पत्नी पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा थाए जिसे पुलिस ने पतासाजी कर दबोचने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार दिनांक 27 मई को त्रिवेणी अगरिया पति सावित्रो अगरिया 33 वर्ष निवासी चिराईपानी ने थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्रार्थिया ने बताया कि 25 मई की सुबह वह अपने घर पर थी। एक दिन पूर्व पति सावित्रो अगरिया द्वारा उसे घर खर्च के लिए एक हजार रुपये दिया गया था। जब उसने खर्च हो जाने की बात कही तो पति गुस्से में आ गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इसी



दौरान आरोपी ने रेजर ब्लेड से महिला के गले पर वार कर दिया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतरारोड़ में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मेडिकल रिपोर्ट एवं चोट की प्रकृति को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 109 भारतीय न्याय संहिता भी जोड़ी गई। कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसी दौरान बस से भागने का प्रयास कर रहे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी सावित्रो अगरिया उर्फ टूनू उर्फ संतनू पिता मिठाईलाल अगरिया 36 वर्ष निवासी ग्राम तिउरिया महोदवपारा, पुलिस चौकी बलिंगा थाना हिमगीर जिला सुंदरगढ़ ओडिशा, हाल मुकाम चिराईपानी पुराना बस्ती को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

#### यूपी के तस्कर ओडिशा से सरिया के रास्ते ला रहे थे गांजा

## सरिया में 30 लाख का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

आए दिन सरहदी प्रांत ओडिशा से बड़ी मात्रा में गांजा की तस्करी हो रही है। पुलिस ने ऐसे ही एक गांजा के बड़े जखीरा को जप्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उड़ीसा से तीन क्विंटल गांजा जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। सरिया पुलिस ने जप्त किया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना के पर यूपी फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाना अंतर्गत नमरौली निवासी राहुल कुमार उर्फ गुड्डू पिता रामविलास नई पिकप वाहन में पुलिस को चकमा देने के उद्देश्य से प्लास्टिक कैरेट डालकर तीन



क्विंटल गांजा तस्करी कर रहा था। इस दौरान उड़ीसा बॉर्डर पर चेक पोस्ट के पास वहां रोका गया। तब वाहन चालक तेज गति से वहां भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तीन किलोमीटर दूर खजुरिया तालाब के पास पिकप वाहन पकड़ लिया। जांच करने पता चला कि पिकप वाहन क्रमांक यूपी 64 सी टी 6904 में 3 क्विंटल गांजा को ले जा रहा था। पुलिस ने बताया कि फिल्मी स्टाइल में गांजा तस्करों के द्वारा गांजा परिवहन कर ले जा रहे थे। गांजा तस्कर के एक नई कार में आगे आगे पायलटिंग कर रहा था और पीछे पिकप वाहन में गांजा गाड़ी दौड़ रहा था। पुलिस पूछताछ में पिकप वाहन के चालक राहुल कुमार उर्फ गुड्डू गांजा मलिक का नाम बताएं और उस हिसाब से साइबर सेल सारंगढ़ एवं सरिया पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गांजा तस्कर को धर दबोचने प्रयास किया। लेकिन गांजा तस्कर पुलिस को चकमा देते हुए वाहन को रास्ते में छोड़ फरार हो गए। पुलिस ने तस्करों के कार एवं पिकप वाहन तथा गांजा को जप्त कर वाहन चालक राहुल कुमार को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वैष्णव के मार्गदर्शन पर सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादवए साईबर सेल ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

### बस की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**राउरकेला।** बीरमित्रपुर व राउरकेला के बीच चलने वाली दादी जी बस की ठोकर से स्टेशन ऑटो एसोसिएशन के सदस्य बलिराम राय की मौत हो गई। यह दुखद घटना गुरुवारए 25 दिसंबर को अपराह्न लगभग 3:30 बजे ब्राह्मणी तरंग थाना क्षेत्र के सुनयना मेटल के समीप एनएच मार्ग पर हुई। जानकारी के अनुसार बलिराम राय अपने ऑटो में कुआरमुंडा से सवारी छोड़ कर राउरकेला आ रहे थेए तभी बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में उनका ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गयाए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के तुरंत बाद बस चालक फरार हो गया।

## पानी नहीं, हो रहा रेत का अवैध परिवहन

**राउरकेला।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के गम्हारिया से निकलने वाली देव नदी सुंदरगढ़ जिले के नुआगांव और कुआरमुंडा ब्लॉक के लोगों के लिए जीवनरेखा रही है। लगभग 56 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद यह नदी राउरकेला के झिरपानी के पास कोयल नदी में मिल जाती है। एक समय था जब सालभर देओ नदी में पानी भरा रहता था और नदी के दोनों किनारे फसलों से हरे.भरे रहते थे।

किसानों की आर्थिक उन्नति में देओ नदी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। ऊपर की ओर से झारखंड के बैराज का जाल ऊपरी क्षेत्र में झारखंड में बने बैराज के कारण संकट में पड़ी देओ नदी के पुनरुद्धार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से यह नदी धीरे-धीरे सूखती जा रही है। बरसात के मौसम को छोड़ दें तो



साल के बाकी समय नदी में पानी नहीं रहता। कहीं-कहीं बहुत पतली जलधारा ही दिखाई देती है। नदी के एक किनारे नुआगांव ब्लॉक की 20 पंचायतों में से 12 से अधिक पंचायतों के लोग खेती के लिए इसी नदी पर निर्भर हैं। दूसरी ओर कुआरमुंडा ब्लॉक की 4-5 पंचायतों के लोग रबी और खरीफ दोनों मौसमों में नदी के पानी का उपयोग करते हैं। नदी किनारे बसे लगभग 75 प्रतिशत ग्रामीण खेती करके अपनी आजीविका चलाते थे। लेकिन अब 12 प्रतिशत भूमि भी सिंचित नहीं हो पा रही है।

## खबर संक्षेप

### सीड ड्रिल द्वारा गेहूं को कतार में बोनी किया गया



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले के किसानों को आधुनिक कृषि के लिए कृषि विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने का निरंतर सार्थक प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के तकनीकी मार्गदर्शन से कुनकुरी विकास खंड के ग्राम खुटगांव में वैज्ञानिक पद्धति से सीड ड्रिल द्वारा फसल गेहूं को कतार बोनी द्वारा लगाया गया और पीसीबी कल्चर का उपयोग किया गया।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम चटकपुर निवासी स्व. बिरंती गयार का सांप के काटने से 29 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति लक्ष्मण गयार हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को किया गया माल्यार्पण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मुख्यालयों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आमजनों की गरिमामयी उपस्थिति में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन, मार्ल्यापण उपरांत सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। 25 दिसंबर 2025 को सुशासन दिवस के अवसर पर जिले में प्रत्येक अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित के पूर्व सभी अटल चौक की मरम्मत व रंग रोगन का कार्य किया गया और ऐसे ग्राम पंचायत जहां अटल चौक का निर्माण नहीं हुआ है, वहां भी ग्राम पंचायत मुख्यालय में, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन, मार्ल्यापण उपरांत सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही ग्राम के सार्वजनिक स्थलों एवं संपूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता के कार्यक्रम आगामी एक सप्ताह तक संचालित किए जाएंगे।

### नशे के कारोबारियों को दस-दस वर्ष का कारावास

**अंबिकापुर।** नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव ने आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी 2021 को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने अल्टो कार क्रमांक सीजी 15 डीएफ 1537 को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान कार की डिक्की में रखे बैग से 116 नग नशीला कफ सिरप बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने इमलीपारा निवासी 42 वर्षीय गुफरान सिद्दीकी उर्फ सोनू आ स्व. एहसान सिद्दीकी व सीतापुर मुलाजिमपारा निवासी 22 वर्षीय नसीम खान आ. मजीद खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस प्रकरण की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पीठासीन अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई। इस दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार पांडेय ने पैरवी की। 24 दिसंबर को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया जिसमें दोनों आरोपियों को दोषी माना है।

हर्राडांड प्रदेश का पांचवां 400/220 केवी विद्युत उपकेंद्र

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जशपुर बना पॉवर हब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- दो वर्षों में बिजली ढांचे को मिली ऐतिहासिक मजबूती
- 11 नए सब-स्टेशनों के निर्माण को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी एवं जनहितकारी नेतृत्व में जशपुर जिला बीते दो वर्षों में विद्युत अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन का साक्षी बना है। जिले को पॉवर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य की साय सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विद्युत सब-स्टेशनों की स्थापना, ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार तथा वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इन प्रयासों से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है।

प्रदेश की साय सरकार द्वारा जशपुर जिले के हर्राडांड में प्रदेश के पांचवें 400/220 केवी उच्च क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगी, जो पूरे सरगुजा संभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इसके साथ ही फरसाबहार एवं झिक्की बगीचा में 132/33 केवी सब-स्टेशन की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्रीय बिजली भार का संतुलन बेहतर होगा। इसके अलावा जिले के सलिहाटोली, विपतपुर, भगोरा, समडमा, मैनी, रेड़े (पथलगांव), पालीडीह, खुटेरा एवं चेटवा में 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन के निर्माण हेतु करोड़ों रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन सभी परियोजनाओं के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।



### 117 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना

नए सब-स्टेशनों एवं ट्रांसमिशन नेटवर्क सहित ग्रामीण इलाकों में 117 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जा चुकी है। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलेगी, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं, व्यापारियों और लघु उद्योगों को भी सीधा लाभ पहुंचेगा।

### विकास को मिली नई रफ्तार

जिलेवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को मिली विद्युत सौगातों से न केवल बिजली व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी विकास को नई गति मिली है। निर्बाध बिजली आपूर्ति से आमजन के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।निस्संदेह, साय सरकार की यह पहल जशपुर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

### कुनकुरी को मिला मिनी डिपो स्टोर

मुख्यमंत्री द्वारा कुनकुरी विकासखंड में उप-क्षेत्रीय भंडार (मिनी डिपो स्टोर) की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है, जिसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों में खराब या जले हुए वितरण ट्रांसफार्मरों के प्रतिस्थापन हेतु विश्रामपुर एवं सूरजपुर स्थित क्षेत्रीय भंडारों से 150 से 200 किलोमीटर दूर से सामग्री मंगानी पड़ती थी,जिससे मरम्मत कार्य में देरी होती थी।मिनी डिपो स्टोर कुनकुरी के संचालन में आने से अब ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत सामग्री स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे समय की बचत के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल हो पाएगी।

### विद्युत प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत

जिले के कुनकुरी में वृत्त कार्यालय, संभागीय कार्यालय, एसटीएम संभागीय कार्यालय, सतर्कता संभागीय कार्यालय, वितरण भंडार, उप-संभागीय कार्यालय तपकरा एवं वितरण केंद्र कुनकुरी की स्थापना की गई है। इन कार्यालयों के संचालन से जिले में विद्युत व्यवस्था की निगरानी और रखरखाव और अधिक प्रभावी हो गया है, जिससे उपभोक्ताओं को त्वरित समाधान मिल रहा है।



## आदिवासी संस्कृति हमारी पहचान, इसे सहेजना हम सबका दायित्वः चौधरी

- कल्याण आश्रम का 73वां स्थापना दिवस मना

**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के 73वें स्थापना दिवस एवं बाला साहब देशपांडे जयंती के अवसर पर कल्याण आश्रम विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव और स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर नागपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता गजानन असोले तथा देवमंगल मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, नगरपालिका जशपुर के अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत जशपुर के अध्यक्ष गंगाराम भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव,कृष्ण कुमार राय, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति भगत सहित पार्षद राजेश गुप्ता एवं देवधन नायक तथा आजबड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कल्याण आश्रम के संस्थापक बाला साहब देशपांडे को नमन किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और उसे सम्मान दिलाने में बाला साहब देशपांडे का योगदान अविस्मरणीय है। आज पूरे देश में वनवासी कल्याण आश्रम जनजातीय समाज की संस्कृति, कला एवं जीवनशैली को संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृतिपूजक रहा है, जो सदियों से वृक्षों, पर्वतों, नदियों, धरती माता एवं गौमाता की पूजा करता आ रहा है।

## सुशासन दिवस में याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी




**चंद्रपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरुवार को चंद्रपुर नगर में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर के तहसील कार्यालय पानी टंकी के पास वार्ड क्रमांक 5 के अटल परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान नगर के पानी टंकी वीडियो हॉल कॉम्प्लेक्स के पास नगर पंचायत चंद्रपुर द्वारा एक जयंती समारोह आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री रूपा भूपेंद्र सिंह देव, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, उपाध्यक्ष रजनी तिलेश माली, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गोपाल देवांगन, मंडल अध्यक्ष तिलेश माली, मंडी अध्यक्ष मडवा तिलक मालाकार, मंडी अध्यक्ष चंद्रपुर रूद्र मेहर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गिरजा शंकर यादव, भाजपा कार्यकर्ता गौरीशंकर गुप्ता सहित समस्त पार्षदगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता थे। उनका संपूर्ण जीवन देश सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लें।

## तेज गति और लापरवाही बन रहा दुर्घटना का कारण, सांसत में लोगों की जान



**पुसौर।** बोरोडीपा से बाजार चैक तक दुर्घटनाओं का इतिहास देखा जाए तो लापरवाही पूर्वक तेज गति से चलने वालों वाहनों के कारण 5 ताजा दुर्घटनाएं हैं जिसमें लोगों की जान चली गई है।

गायत्री मंदिर के सामने एनटीपीसी क्षेत्र के ग्राम आरमुडा का एक नाबालिक बाईकर्स के तेज रफ्तार से एक 6 साल की बच्ची को टक्कर लगी और उसका मौके पर ही मृत्यु हो गई। सरकारी कार्रवाई कहां तक पहुंची यह तो पता नहीं लेकिन नगर के लोग उसके प्रति संवदेना जताने मुख्य मार्ग पर मोमबत्ती जलाकर उसके आत्मा की शांति के लिए रैली निकाली और उसके परिवार जनों को ढाढस बंधाया। आदर्श ग्राम्यभारती स्कूल के पास इसी तरह ट्रक के चपेट में एक महिला के मौत होने की रिपोर्ट पुसौर थाने में दर्ज है। इसी क्रम में छींच चौक के पास व बाजार चौक के पास भी हुए दुर्घटनाओं में मौके पर मौत हुए है। बाइक से बाइक टकराकर, फोरव्हीलर का बाइक से टकराकर, आगे पीछे बगैर देखे बगैर किसी साईड में मोडने पर दुर्घटनाएं अक्सर होते रहे हैं। जिसमें सामान्य चोटों के साथ साथ अंग भंग होने की भी खबर है। जिसका मुख्य कारण वाहनों का तेज और अनियंत्रित गति से चलना बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद कुछ ही दिन तक स्थानीय प्रशासन हरकत में आता है और सावधानी बरतने की हिदायत के साथ कुछ कार्रवाई करती है उसके बाद फिर से वैसे ही लोग लापरवाही व अनियंत्रित होकर वाहन चला रहे हैं। जिसके कारण आए दिन यहां हादसा हो रहा है। जानकारों की माने तो इसके लिए ब्रेकर की व्यवस्था कहीं नहीं दी गई है।

## एनईएस में मना वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के नेतृत्व में वीर बाल दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सिखों के दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह के वीर सुपुत्रों साहिबज़ादा जोरावर सिंह एवं साहिबज़ादा फतेह सिंह की अद्वितीय वीरता एवं शहादत को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा वीर बालकों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. सरिता निकुंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहिबज़ादों का बलिदान धर्म, सत्य एवं मानव मूल्यों की रक्षा का प्रतीक है, जो आज की युवा पीढ़ी को साहस, नैतिकता एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। महाविद्यालय के छात्र कर्मा संन्यासी बीकॉम तृतीय वर्ष ने दोनों साहिबज़ादों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश एमएससी गणित तृतीय सेमेस्टर के छात्र सुरेश राम ने कहा कि साहिबज़ादों का त्याग युवाओं के लिए आत्मबल, धैर्य एवं सेवा-भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके बलिदान का स्मरण प्रत्येक भारतीय को गर्व और प्रेरणा से भर देता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार बी आर भारद्वाज, ग्रंथपाल वी.पी. सिंह, अतिथि व्याख्याता दिशा प्रकाश राठौड़ एवं कार्यालयीन कर्मचारी सुनील चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## छत्तीसगढ़-ओडिशा महानदी जल विवाद का पटाक्षेप नहीं, संकट में नदी



**सुंदरगढ़।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ के बीच महानदी जल विवाद का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। महानदी पर छत्तीसगढ़ का अंतिम बैराज कलमा है, जहां से उफनते पानी को भी वहां की सरकार बालू के बांध बनाकर अपने उपयोग में ले रही है। अब ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा से सटे लखनपुर ब्लॉक के अंतर्गत 19 मौजाओं की जीवनरेखा कही जाने वाली केलो नदी की स्थिति भी कुछ ऐसी ही हो गई है और आगे सुंदरगढ़ के विभिन्न भागों में भी इसकी स्थिति दयनीय हो चली है।

एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार महानदी का पानी खींच रही है, वहीं केलो नदी को ड्रेनेज परियोजना की तरह इस्तेमाल कर रही है। परिणामस्वरूप, ओड़िशा की ओर जब यह नदी आती है तो उसमें पानी के बजाय केवल कचरा और दुर्गंध ही बहती है। इस पानी का उपयोग खेती के अलावा किसी अन्य कार्य के लिए संभव नहीं है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ शहर से होकर बहने वाली केलो नदी कभी शहरवासियों के लिए पेयजल का एकमात्र स्त्रोत थी, लेकिन बढ़ते औद्योगिकीकरण के कारण उद्योगों ने इस नदी को सस्ते नाले के रूप में मान लिया है। इतना ही नहीं, रायगढ़ शहर का सीवरेज पानी भी बिना शोधन के सीधे इसी नदी में छोड़ा जा रहा है। नतीजतन, स्थानीय लोग इस नदी के पानी को पीना तो दूरए नहाने तक के बारे में दो बार सोचते हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ के मीडिया में वर्षों से लगातार खबरें प्रकाशित होती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद छत्तीसगढ़ सरकार न तो नदी की सफाई के लिए कोई ठोस कदम उठा रही है और न ही प्रदूषित जल छोड़ने पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव नदी के निचले हिस्से में स्थित ओडिशा के झारसुगुड़ा व सुंदरगढ़ जिले पर पड़ रहा है। केलो नदी छत्तीसगढ़ के पुसौर ब्लॉक के बड़माल से होकर ओडिशा में प्रवेश करती है और कनकतुरा, बादीमाल व पिथिंडा पंचायतों से गुजरते हुए महानदी में मिलती है। फिलहाल ओडिशा हिस्से में हीराकुद जलाशय का बैकवाटर होने के कारण नदी का जलस्तर ठीक-ठाक बना हुआ है। लेकिन एक महीने बाद जैसे ही हीराकुद जलाशय का जलस्तर घटेगा, केलो नदी में भी पानी कम होने लगेगा।

## खड़ी बस में आगजनी इलाके में दहशत



**राउरकेला।** राउरकेला के आईडीएल बालिजोड़ी चौक के समीप मंगलवार देर रात अज्ञात उपद्रवियों ने एक निजी बस में आग लगा दी, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उपद्रवियों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए सड़क किनारे खड़ी बस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया और मौके से फरार हो गए। आग की चपेट में आई बस की पहचान अंजली बस के रूप में हुई है, जो इस घटना में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

स्थानीय लोगों ने जब बस से उठती लपटें और घना धुआं देखा तो तत्काल दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पायाए जिससे आग आसपास खड़े अन्य वाहनों और संरचनाओं तक फैलने से बच गई। गनीमत यह रही कि घटना के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस आगजनी की घटना से बस मालिक को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। साथ ही इस वारदात ने इलाके की रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। इस घटना से स्थानीय परिवहन संचालकों में रोष व्याप्त है।

## सरसींवा क्षेत्र में उठाव की रफ्तार धीमी, समितियों की बढ़ी परेशानी



**सरसींवा।** क्षेत्र के अंतर्गत संचालित 14 धान खरीदी उपार्जन केंद्रों, सोहागपुर, बेलडुला, गताडीह, मनपसार, गोपालपुर, सेन्दूरस, दुरुग, सरसींवा, मधाईभाठा, झुमका, पेण्ड्रावन, जोरापाली, बम्हनपुरि एवं बालपुर में 22 दिसम्बर तक प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कुल 1,73,349.00 क्विंटल धान की खरीदी कर संग्रहण किया जा चुका है। हालांकि खरीदी की यह उपलब्धि धान के उठाव एवं परिवहन की अत्यंत धीमी गति के कारण गंभीर संकट में बदलती नजर आ रही है।

अधिकांश उपार्जन केंद्रों में लंबे समय से धान का समय पर उठाव नहीं हो पाने से केंद्रों में जगह की भारी कमी उत्पन्न हो गई है। परिणामस्वरूप नए धान के भंडारण में कठिनाई, बोरी व्यवस्था में अव्यवस्था तथा किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। गौरतलब है कि धान उठाव में हो रही देरी से किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां सहकारी समितियों पर भी संग्रहण के लिए जगह की कमी के चलते अब परेशानियों के बादल मंडराने लगे है। कई किसान भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूरी न होने से चिंतित हैं, वहीं समितियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। खुले में रखे धान के खराब होने, नमी बढ़ने एवं गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

### 3 लाख क्विंटल धान उठाव हो चुका है

राइसमिलरो की बीजी समय पर जमा नही होने की वजह से डीओ नहीं कट रहा था। जिसके कारण उठाव में देरी हुआ। 86 उपार्जन केंद्रों में अब तक लगभग 16 लाख क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। करीब 3 लाख क्विंटल धान उठाव हो चुका है।

**-शीतल भोई**, डीएमओ

## गौवंश मांस के साथ तीन गिरफ्तार, एक आरोपी फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के सोनक्यारी चौकी क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन शंखनाद के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गौवंश वध के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से 7 किलो गौवंश मांस बरामद किया गया है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

मामला चौकी सोनक्यारी, थाना सन्ना क्षेत्र के ग्राम तालासिली का है। 25 दिसंबर को छून्दरूपाठ निवासी छवि यादव उम्र 35 वर्ष ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 24 दिसंबर की शाम को ग्राम तालासिली के कुछ लोग उसके पड़ोसी के घर बछड़ा खरीदने पहुंचे थे। अगले दिन सुबह झाड़ी के पास भारी मात्रा में खून मिला, जिससे किसी बड़े जानवर के वध की आशंका हुई। रिपोर्ट मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम तालासिली में संदिग्धों के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी सरीफ तिग्गा के घर से करीब 7 किलो मांस बरामद किया गया। पशु चिकित्सक से जांच कराई गई, जिसमें मांस के गौवंश का होने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार आरोपियों में सरीफ तिग्गा उम्र 30 वर्ष, इशाक तिग्गा उम्र 50 वर्ष, धन साय यादव उम्र 32 वर्ष तीनों निवासी ग्राम तालासिली, चौकी सोनक्यारी, थाना सन्ना शामिल है।आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



## जापान में रिलीज होगी एनिमल, 1000 करोड़ क्लब में हो जाएगी शामिल

**मुंबई।** रणबीर कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'एनिमल' ने 2023 में रिलीज के वक्त बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। दो साल बाद अब यह फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बार यह फिल्म भारत में नहीं बल्कि जापान में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर ऐलान किया कि रणबीर कपूर स्टारर यह फिल्म फरवरी 2026 में जापान में रिलीज होगी। भारत में इसने 553 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वर्ल्डवाइड इसने 915 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। उम्मीद की जा रही है कि जापान में रिलीज होने के बाद यह फिल्म 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।

लाइफ Style



# चित्रांगदा

## गलवान सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि इमोशन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेटफ्लिक्स की 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' में चित्रांगदा सिंह के किरदार को सराहा जा रहा है। जल्द वह बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान संग 'बैटल ऑफ गलवान' में भी नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के लेकर बात की।

चित्रांगदा ने उम्मीद जताई है कि ये फिल्म उनके कॅरियर को नई दिशा देगी। 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है। अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है। अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर चित्रांगदा ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं।' सलमान खान के साथ फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में काम करने के अनुभव पर चित्रांगदा ने कहा, 'गलवान' फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है, क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा कॅरियर और बेहतर होगा।

### हॉलीवुड मसाला



## बड़ी कीमत चुकाने का लिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जुलाई महीने में कोल्ड प्ले के म्यूजिक कॉन्सर्ट में एक किस कंट्रोवर्सी हुई। जिसमें एक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ और एचआर का अफेयर चर्चा का विषय बन गया। दोनों को अपनी नौकरियां तक गंवानी पड़ी। अब महीनों बाद कंपनी की पूर्व एचआर एग्जीक्यूटिव क्रिस्टिन कैबोट ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। क्रिस्टिन कैबोट कहती हैं, 'मैंने एक गलत फैसला लिया। उस दिन थोड़ा ड्रिंक किया था। फिर अपने बॉस के साथ गलत तरीके से डांस किया, बिहेव किया।



## स्पेनिश गायक एनरिक ने किया चौथे बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** स्पेनिश गायक-गीतकार एनरिक इग्लेसियस एक बार फिर पिता बन गए हैं। 50 वर्षीय एनरिक ने पूर्व टेनिस स्टार एना कोर्निकोवा के साथ 17 दिसंबर को अपने चौथे बच्चे का स्वागत किया। इंस्टाग्राम पर एना ने एक संयुक्त पोस्ट के जरिए फैंस के साथ इस गुड न्यूज को साझा किया है। साथ ही कपल ने बच्चे की पहली झलक भी दिखाई है। अपने बच्चे की झलक दिखाते हुए एना कोर्निकोवा और एनरिक ने कैप्शन में सिर्फ लिखा है, 'हमारी जिंदगी की रोशनी। कपल ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें बच्चा सफेद रंग के एक ब्लेंकेट में लिपटा हुआ है। सिर पर टोपी लगाए बच्चे के पास एक टेडी बीयर भी रखा है। हालांकि, कपल ने अभी ये कंफर्म नहीं किया है कि ये बेटा है या बेटी। नए बच्चे का स्वागत करते ही एनरिक और एना का परिवार अब छह सदस्यों का हो गया है।



## आज तक ऐसे अवतार में नजर नहीं आईं

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की नई फिल्म 'मैसा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म से रश्मिका की पहली झलक सामने आ गई है। एक ऐसे अवतार में रश्मिका नजर आ रही हैं जो आजतक नजर नहीं आया है। मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है। टीजर की शुरुआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है।



## 26 साल पुराना डांस वीडियो वायरल

**मुंबई।** अक्षय खन्ना एक तरफ जहां 'धुरंधर' को लेकर तारीफें बटोरने में जुटे हुए हैं वहीं उनके कई पुराने वीडियोज़ और इंटरव्यू अब सुर्खियों में हैं। अक्षय खन्ना ऐश्वर्या के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं और उन दिनों उनके अफेयर की भी खूब खबरें रही थीं। अब ऐश्वर्या के साथ अक्षय का 26 साल पुराना स्टेज परफॉर्मेंस वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों अपनी ही फिल्म के फेमस गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय और ऐश्वर्या का ये वीडियो साल 1999 में हुए मियामी में स्टेज पर परफॉर्मेंस का है, जिसमें दोनों अपनी फिल्म के पॉप्युलर गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। दोनों के इस वीडियो पर एक बार फिर से दर्शकों और फैन्स का प्यार बरस रहा है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज के साथ ही अक्षय की सादगी पर लोग एक बार फिर से फिदा हैं।

### टीवी मसाला




## द ग्रेट इंडियन कपिल शो में महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। पहले एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा ने शिरकत की थी। अब वीकेंड एपिसोड में कॉमेडी और क्रिकेट के गौरव का रंग जमेगा। दूसरे एपिसोड में महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी आने वाली हैं, जिन्होंने हाल ही में ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीता है। पर फैंस के लिए बुरी खबर ये है कि स्मृति मंधाना नहीं आएंगी। कुछ दिनों पहले ही पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी टूटी है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में कैप्टन हरमनप्रीत कौर के साथ ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, हरलीन देओल, राधा यादव, प्रतिका रावल और मुख्य कोच अमोल मजूमदार नजर आएंगी। पर भारतीय क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना नदारद हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि ट्रॉफी उठाने से पहले हरमनप्रीत ने भांगड़ा किया था, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि उन्हें स्मृति मंधाना ने ही प्रेरित किया था। जेमिमा ने कहा, 'हैरी दीदी हम लोगों की बात नहीं सुनती हैं। पर स्मृति ने बोला था कि अगर भांगड़ा नहीं किया तो मैं पूरी लाइफ बात नहीं करूंगी।' आप इस शो को 27 दिसंबर को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। प्रोमो वीडियो पर फैंस के रिएक्शन भी आ रहे हैं। एक ने कहा, 'स्मृति मिसिंग हैं।' दूसरे ने कहा, 'ये बहुत एंटरटेनिंग एपिसोड होगा।' एक और फैन ने स्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि वो नहीं हैं।

### दे दे प्यार दे 2 ओटीटी पर हो रही रिलीज

**नई दिल्ली।** बाप की उम्र का अधेड़ और अमीर आदमी, एक नए जमाने की चुलबुली लड़की। दोनों का इश्क, शादी की प्लानिंग और इस चक्कर में मची अफरा-तफरी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर 'दे दे प्यार दे 2' सिनेमाघरों में बीते महीने 14 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। 150 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भले ही 74.21 करोड़ रुपए की कमाई की, लेकिन इसने दर्शकों को थिएटर्स में हंसाया जरूर। अब यह फिल्म अगले महीने 9 जनवरी, 2026 को ओटीटी पर स्ट्रीमिंग की तैयारी कर रही है। 'दे दे प्यार दे 2' साल 2019 की पॉपुलर हिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी तरुण जैन और 'प्यार का पंचनामा' फेम लव रंजन ने लिखी है। यह लंदन में बसे आशीष चावला और उसकी गर्लफ्रेंड आयशा चौधरी की लव स्टोरी को आगे बढ़ाती है। पिछली फिल्म में हमने देखा था कि आशीष अपनी गर्लफ्रेंड को अपनी एक्स वाइफ और बच्चों से मिलवाता है।



## नौशाद अली की यादों में हमेशा जिंदा रहा नवाबों का शहर...

**नई दिल्ली।** मशहूर संगीतकार नौशाद अली हिंदी फिल्मों के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। उन्होंने सिर्फ 65-67 फिल्मों में ही संगीत दिया, लेकिन उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में बसता है। उन्होंने हिंदी सिनेमा में शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाया और फिल्म संगीत को एक नई ऊंचाई दी। नौशाद अली का जन्म 25 दिसंबर 1919 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में हुआ था। लखनऊ को नवाबों का शहर कहा जाता है, जो संस्कृति और संगीत का बड़ा केंद्र रहा है। उनके पिता वाहिद अली एक मुंशी थे। घर में संगीत को अच्छा नहीं माना जाता था, लेकिन नौशाद को बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था।

**लखनऊ की यादें** : वह देवा शरीफ के मेले में जाते थे, जहां बड़े कव्वाल और संगीतकार गाते थे। उन्होंने उस्तादों से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत सीखा। साइलेंट फिल्में देखकर नोट्स बनाते थे और हारमोनियम बजाने का मौका पाने के लिए एक दुकान पर काम करते थे। लखनऊ की गलियां और मुहल्ले उनकी यादों में हमेशा जिंदा रहे। उन्होंने एक गजल में लिखा था- 'वह गलियां, वह मुहल्ले, सब बन गए कहानी, मैं भी था लखनऊ का, यह बात है पुरानी।'

**संघर्ष के दिन और मुंबई का सफर** : 17 साल की छोटी उम्र में 1937 में नौशाद लखनऊ छोड़कर मुंबई चले गए। शुरुआती दिनों में बहुत संघर्ष किया। फुटपाथ पर सोना पड़ा। पहले बड़े संगीतकारों के सहायक बने। फिर 1940 में फिल्म 'प्रेम नगर' से स्वतंत्र संगीतकार के रूप में शुरुआत की। असली सफलता 1944 में फिल्म 'रतन' से मिली। इसके गाने इतने हिट हुए कि वह रातोंरात स्टार बन गए।

***कॅरियर की चमक और मशहूर फिल्में*** : *नौशाद ने शकील बदायुनी जैसे गीतकारों और मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर जैसे गायकों के साथ काम किया। उन्होंने रफी और लता को बहुत मौके दिए। उन्होंने उनकी फिल्मों में शास्त्रीय रागों का इस्तेमाल किया, जो उस समय नया था। उनकी कुछ मशहूर फिल्में हैं- 'बैजू बावरा', 'अंदाज', 'मदर इंडिया', 'मुगल-ए-आजम', 'गंगा जमुना' और राम और श्याम'। उन्होंने अपने संगीत से लोगों को कई फिल्मों में झूमने पर मजबूर किया।*

***सम्मान और आखिरी सफर*** : *मुगल-ए-आजम को जब रंगीन किया गया, तो नौशाद बहुत खुश हुए। उनकी आखिरी फिल्म 'ताज महल' (2005) थी। उनके योगदान के लिए 1981 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 1992 में पद्म भूषण मिला। 5 मई 2006 को उनका निधन हो गया।*

## वेलकम टू द जंगल में अक्षय का दिखा अलग अंदाज



**मुंबई।** अक्षय कुमार ने गुरुवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'वेलकम टू द जंगल की पूरी कास्ट की तरफ से आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं। फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है। मैं कभी इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं रहा। हममें से कोई भी नहीं। हम आपको अपना तोहफा देने के लिए बेताब हैं। शूटिंग पूरी हो गई। शाबाश, दोस्तों! इसे साकार करने में शामिल सभी लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा। हमारी तरफ से आप सभी को 2026 के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।'इसके साथ ही अक्षय ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में 'वेलकम टू द जंगल'की पूरी कास्ट नजर आ रही है। जाहिर है कि इस फिल्म में अब तक की सबसे बड़ी कास्ट नजर आ रही है, जिसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं। अक्षय के इस वीडियो में उनके अलावा सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, आफताब शिवदसानी, जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, पुनीत इस्सर, दिशा पाटनी समेत कई और एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं।


### क्रिसमस डे के मौके पर कई सेलेब्स ने करीबियों और दोस्तों को दी बधाई

# तमन्ना ने सजाया ट्री, बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ

*मुंबई। गुरुवार को पूरी दुनिया में क्रिसमस डे मनाया गया। इसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। कोई चर्च गया तो कोई क्रिसमस ट्री सजाया। क्रिसमस ईसाई धर्म का खास त्यौहार है, हालांकि इस दौर में इसे लगभग सभी लोग मनाते हैं। लोग अपने करीबियों और दोस्तों को बधाई देते हैं और सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाते हैं। इसी तरह से कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस डे के मौके पर पोस्ट की है।*

**तमन्ना भाटिया** : अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने क्रिसमस डे के मौके पर इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह क्रिसमस ट्री सजा रही हैं और उसके साथ पोज दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'हो हो हो मेरी क्रिसमस'।

**बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ** : क्रिसमस के अवसर पर अमिताभ बच्चन ने भी एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट साझा कर लिखा क्रिसमस पर उन्होंने खास कुकीज मंगाकर खाईं। उन्हें इसका स्वाद इतना पसंद आया कि थोड़ी देर बाद फिर से मंगवाएंगे। उन्होंने जहां से ऑर्डर किया, उस दुकान का नाम भी बताया है।



**शिल्पा शेट्टी** : शिल्पा शेट्टी ने अपने पति और अपने बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया है। वह अपने परिवार के साथ बाहर घूमने गई हैं और पोज दिए हैं।

**बिपाशा बसु** : अभिनेत्री बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपने पति करण ग्रोवर के साथ रेड ड्रेस में डांस कर रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'मेरी क्रिसमस।'

**मौनी रॉय** : मौनी रॉय ने क्रिसमस के मौके पर लहंगे में पोज दिए हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने फैंस को क्रिसम की बधाई दी है।


**सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल** : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने क्रिसमस डे मनाया है। दोनों ने क्रिसमस ट्री के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं और क्रिसमस की बधाई दी है।

***कृति शेट्टी*** : *कृति शेट्टी ने क्रिसमस के मौके पर शानदार पोज दिए हैं। उन्होंने फैंस को क्रिसमस की बधाई दी है।*

***सोफी चौधरी*** : *रंग-बिरंगी ड्रेस में सोफी चौधरी ने क्रिसमस ट्री के साथ बेहतरीन पोज दिए हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है 'आप पर एक्स मास का आशीर्वाद बना रहे।'*

***करिश्मा शर्मा*** : *करिश्मा शर्मा ने क्रिसमस ट्री के पास पोज दिए हैं। उन्होंने इस साल मिले प्यार और सबक के लिए सांता को धन्यवाद कहा है।*

***अहाना कुमरा*** : *अहाना कुमरा ने क्रिसमस ट्री के साथ कई पोज दिए हैं। उन्होंने अपने फैंस को क्रिसमस पर बधाई दी है।*



**खबर संक्षेप**




## जयंती पर भारत रत्न अटल बिहारी को किया नमन

**राउरकेला।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती पर राउरकेला में भारतीय जनता पार्टी भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आमबागान चौक के पास अटल उद्यान स्थित पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी प्रतिमा के सम्मुख विधायक दुर्गा चरण तंती के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाल्य अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में विधायक ने स्वण वाजपेयी की आदर्श जीवनशैली और राष्ट्रसेवा को याद किया। इस अवसर पर भाजपा नेता शशांक जेना, रमेश अग्रवाल, प्रभात महापात्र सहित कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। रमेश अग्रवाल ने बाजपेयी जी को अद्भुत प्रतिभा के स्वामी बताते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को ऐतिहासिक दृष्टि से अतुलनीय व अमिट बताया स कार्यक्रम में सभी ने वाजपेयी के योगदान को याद कर उनकी विचारधारा का सम्मान किया।

**श्रद्धांजलि/निधन**

## डॉक्टर दुलीचंद



**रायगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने डॉक्टर दुलीचंद के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा बतौर डॉक्टर उनकी सेवा अविस्मरणीय है इसके अलावा राजनीति में उनकी समझ गहरी रही। वे ऐसे चिकित्सक रहे जिनके सेवा कार्यों की चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी होती रही। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकुमार जी के सुपुत्र दुलीचंद पहले दंत चिकित्सक रहे। उनकी कमी सदा ख़लती रहेगी। पहले सेवा भावी चिकित्सक है जिन्होंने मरीजों के इलाज के साथ साथ उनके अंतर्मन पर भी अमिट छाप छोड़ी हैं। जिला भाजपा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अरूणधर दीवान ने परम पिता परमेश्वर से उन्हें चरणों में स्थान देने की कामना की है एवं दुख की इस घड़ी में ईश्वर परिजनों को अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

## बेलाल गुप्ता



**पुसौर।** बेलाल गुप्ता का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बेलाल गुप्ता के दो पुत्र में से छोटा पुत्र राजकुमार गुप्ता के निधन से वह मानसिक रूप से कमजोर रहे। इसके पश्चात कुछ दिन बाद इनकी धर्म पत्नी की भी मृत्यु हो गई जिससे वे और कमजोर हो गये और इनका कान तथा आंख दोनों जबाब दे गया। बीते 25 दिसम्बर की रात करीब 12 बजे बेलाल गुप्ता ने अंतिम सांस ली।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किशोर पात्रे (KISHOR PATRE) पिता-श्रीराम ग्राम /पो. पंचधार, थाना व तहसील -सरिया जिला-सारंगढ़, बिलाईगढ़ (छ.ग.) का निवासी हूँ।

यह घोषणा करता हूं कि पूर्व में मेरा नाम किशोर कुमार प्रधान (KISHOR KUMAR PRADHAN) पिता श्रीराम प्रधान था। जिसे मैंने त्याग कर अपना नया नाम किशोर पात्रे (KISHOR PATRE) कर लिया है।

अतः आज दिनांक 26/12/25 से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम किशोर पात्रे (KISHOR PATRE) से ही जाना, पहचाना एवं पढ़ा जाये।

**घोषणाकर्ता**
**किशोर पात्रे (KISHOR PATRE)**
**पिता - श्रीराम**
**वर्तमान पता-पंचधार**
**मकान नं. -61, तलीपारा**
**वार्ड नं.05, तह.-सरिया**
**जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

### अब इस योजना में 100 के बजाय मिलेगा 125 दिन का रोजगार

# विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी लागू






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली रोजगार मूलक केंद्र सरकार की नई और महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन.ग्रामीण वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 को रायगढ़ जिले में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजित बबन पठारे के संयुक्त मार्गदर्शन में प्रभावी ढंग से लागू कर दिया गया है।

हाल ही में राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद शुरू हुई यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का एक आधुनिक और उन्नत रूप है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ बनाना है।

**व्यापक प्रचार-प्रसार और ग्राम सभाओं का आयोजन**

राज्य शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले के सभी सात विकासखंडों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पेसा क्षेत्र के पांच विकासखंडों में 24 दिसंबर से विशेष ग्राम सभाओं का सिलसिला शुरू हो चुका है, वहीं गैर.पेसा क्षेत्र 26 दिसंबर से रायगढ़ एवं पुसौर में भी लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पंचायतों में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, नारा लेखन, दीवार लेखन, जन जागरूकता रैली, रंगोली और नुक्कड़ नाटकों का सहारा लिया जा रहा है।

**खेती के सीजन का सम्मान और ग्रामीण सहभागिता**

इस नवीन योजना के तहत स्थानीय जरूरतों को देखते हुए खेती.बुआई के पीक सीजन के दौरान वर्ष में 2 महीने कार्य बंद रखे जाएंगे, ताकि कृषि कार्यों के लिए मजदूरों की उपलब्धता बनी रहे। इस योजना की सबसे बड़ी ताकत ग्राम सभाएं होंगीए जहाँ ग्रामीण स्वयं अपने गांव के विकास की योजना बनाएंगेए जिसे सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

**रोजगार के दिनों में वृद्धि और त्वरित भुगतान**

महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा ने योजना की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस नए मिशन के तहत अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का गारंटीड रोजगार प्राप्त होगा। इससे ग्रामीणों को 25 दिनों का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। साथ ही, श्रमिकों के आर्थिक हितों का ध्यान रखते हुए 7 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। योजना के तहत अब कार्यों का नियोजन पारंपरिक तरीकों के बजाय जीआईएस सैटेलाइट तकनीक से किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल मरम्मत, जल संरक्षण, स्कूलों का कायाकल्प, सामुदायिक भवनों का निर्माण और डबरी निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, लखपति दीदी योजना से जुड़े आजीविका कार्यों और कृषि संबंधी गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है।



## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुमहानी में 25 दिसंबर की देर शाम करीब साढ़े 7 बजे सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना ग्राम दुमहानी स्थित भुवनेश्वर बंजारे के घर के सामने सड़क पर हुई। सनत कुमार देवांगन पिता सुनहर देवांगन 43 निवासी वार्ड क्रमांक 6 बिलाईगढ़ ने बिलाईगढ़ थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। 25 दिसंबर की शाम रूपेंद्र कुमार देवांगन अपने साथी रोशन टंडन के साथ वाहन क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 4140 से बेलटिकरी ढाबा में भोजन करने गए थे। भोजन करने के बाद दोनों दुमहानी पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 22 जे 9808 के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रूपेंद्र कुमार देवांगन एवं उनके साथी यशवंत टंडन को गंभीर चोटें आईं। दोनों को इलाज के लिए तत्काल बिलाईगढ़ भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मृतकों का मर्ग कायम कर पंचनामा की गई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। थाना बिलाईगढ़ पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 330 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## पुसौर ब्लॉक के 86 जगहों और उपार्जन केन्द्रों में मनाया गया सुशासन दिवस

**पुसौर।** पुसौर, कोडातराई व सुपा मण्डल क्षेत्र में 86 स्थलों में अटल जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए उनके बताये मार्गो को लेकर सुशासन दिवस मनाया गया। इस संबंध में मण्डल अध्यक्ष संदीप पंडा, जैमिनी गुप्ता व सुपा मंडल अध्यक्ष से जानकारी ली गई। जिन्हौने बताया कि क्षेत्र के कई उपार्जन केन्द्रों में सुशासन दिवस मनाए जाने की भी बात कही जा रही है। मुख्यालय पुसौर में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि गण सहित अन्य भाजपेई शामिल रहे। जानकारी के मुताविक सब इंजीनियर दुर्गेश मालाकार के व्यवस्था में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव, सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, पार्षदों में बरूण महाणा, रूपेश साव, शौकी चैहान, निराकार पटेल तथा भाजपाइयों में विकास होता, बद्री महाणा, हरि साहू, विजय महाणा, स्कूल अध्यक्ष भरत षड़ंगी, संतोश यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद प्रधान तथा मंडलमंत्री डिग्री पाईक आदि उपस्थित रहे। इस बीच लोगों ने देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। वहीं घनश्याम पटेल ने अपने उदबोधन में साय सरकार द्वारा सुशासन दिवस पर पूरे प्रदेश में 115 अटल परिसर का लोकार्पण करने की बात कही। इसी कड़ी में इन्हौने बताया कि एक परिसर में 10 से 20 दुकानें हैं जो कुल मिला कर 3000 से अधिक हो सकते हैं।



## विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय लखीराम आडोटोरियम में खरसिया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, संभागीय सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला, विधानसभा प्रभारी रजनीश सिंह, जिला भाजपा प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान, महेश साहू के विशिष्ट आतिथ्य में एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद श्री राठिया ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इन दो सालों में किये गये विकास कार्यो के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता, संभागीय सहप्रभारी, विधानसभा प्रभारी, जिला भाजपा प्रभारी ने भी प्रदेश सरकार के साथ ही साथ केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसका प्रचार प्रसार घर घर तक किए जाने पर जोर दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान ने अपने उदबोधन में कहा कि भाजपा सरकार के दो वर्ष जनहित के कार्यो एवं ऐतिहासिक निर्णयों से भरे रहे हैं गरीब कल्याण किसानों के हितए महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य को मजबूत करने के लिये सरकार ने ठोस कदम उठाये हैं। श्री दीवान ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाये और संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाये। भाजपा जिलाध्यक्ष ने संगठनात्मक मजबूरी, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क पर जोर देने की बात कही। भाजपा के वक्ताओं के संबोधन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।




## सर्व हिंदू समाज सम्मेलन में एकता और जागरण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

धर्म और संस्कृति की नगरी चंद्रपुर में पहली बार सर्व हिंदू समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन चंद्रहासनी मंदिर परिसर स्थित महादेव दरहा घाट में संपन्न हुआ। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, आपसी एकता को मजबूत करना और समाज में जन-जागृति का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रामकथा वाचक एवं अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल के राष्ट्रीय संरक्षक महामंडलेश्वर रामप्रियदास महाराज ने सनातन धर्म पर हो रहे लगातार प्रहारों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज देश और समाज में योजनाबद्ध तरीके से धर्मांतरण जैसी गतिविधियां बढ़ रही हैंए जो चिंताजनक है। उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट होकर अपने धर्मए संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता प्रकाश खांडे ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति प्रत्येक व्यक्ति को सजग और जागरूक रहना होगा तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करना होगा। वहीं मातृशक्ति की ओर से रूपा सिंह देव और रीता साहू ने अपने विचार रखते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा पर जोर दिया। तुलसी मानस मंच से संतराम यादव ने श्जागो हिंदू जागोश का ओजस्वी नारा देते हुए समाज को चेतना का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने संगठन की शक्ति पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता सिताराम देवांगन ने की। सम्मेलन के संयोजक चंद्रशेखर मालवीय ने कहा कि वर्तमान समय में देश और विदेशों में हिंदू समाज के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। भोले.भाले हिंदुओं का धर्मांतरण कराया जा रहा है और लव जिहाद जैसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे समय में जाति-पांति से ऊपर उठकर पूरे हिंदू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई, इसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ।



## जुआ अड्डे पर दबिश 7.70 लाख नकद जब्त

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले के बड़गांव ब्लॉक अंतर्गत बेहेरामाल गांव में चल रहे एक बड़े जुआ अड्डे पर पुलिस ने दबिश दी। बड़गांव थाना पुलिस ने देर रात छापेमारी कर मौके से 7 लाख 70 हजार नकद के साथ 8 जुआरियों को पकड़ा गया है। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक सुंदरगढ़ के निर्देश पर बड़गांव थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर 25 दिसंबर की रात करीब 2 बजे बेहेरामाल गांव स्थित फुटबॉल मैदान के पास संचालित जुआ अड्डे पर अचानक छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए 8 लोगों को मौके पर पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में जुआ अड्डे का आयोजक महेंद्र लुहा सहित कंदरप खिलारी, महादेव बेहेरा, ताराचंद किशान, सत्रुघ्न किशान, संतोष कुमार कौड़ी, उदयनाथ प्रधान और जन्मा पेरुआ शामिल हैं। पुलिस ने मौके से घुड़घुड़ी पाटीश और डाइस गोटी के माध्यम से खेले जा रहे जुए से संबंधित भारी मात्रा में सामग्री बरामद की। इस मामले में बड़गांव थाना में कांड के तहत ओडिशा गैंबलिंग एक्ट की धारा 3 में मामला दर्ज किया गया है।

## अभिनव के छात्रों ने किया दिल्ली आगरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील मुख्यालय में स्थित अभिनव विद्या मंदिर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल पुसौर द्वारा अपने विद्यार्थियों को अध्ययन कराने के मंशा से प्रतिवर्ष पर्यटन स्थल लें जाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष कक्षा 12 वीं कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के 70 विद्यार्थियों को 6 दिन का शैक्षणिक भ्रमण नई दिल्ली, आगरा मथुरा एवं वृन्दावन कराया गया।

समिति सदस्यों, पालकों शिक्षकों एवं बच्चों की 110 सदस्यीय टीम 18 दिसम्बर को रायगढ़ मारवाड़ी धर्मशाला पहुंची जहां समाजसेवी गौतम अग्रवाल ने भोजन एवं रुकने की व्यवस्था की थी। मथुरा में गायत्री तपोभूमि में भोजन एवं रुकने की व्यवस्था श्रीमती किरण श्रीवास्तव रायगढ़ एवं गायत्री परिवार मथुरा द्वारा की गई। 20 दिसंबर को बस द्वारा गोवर्धन पर्वत बरसाना में कीर्ति एवं राधारानी मन्दिर नंदगांव में नंदभवन देखकर वापस मथुरा आए। 21 दिसंबर को कृष्ण जन्मभूमि रेवती रमण गोकुल धाम घुमते हुए आगरा पहुंचे। मेट्रो ट्रेन का आनंद लेते हुए विश्व के आठ आश्चर्य में से एक आश्चर्य आगरा स्थित ताजमहल का भ्रमण कर जानकारी लिए।

## सेजेस जशपुर के विद्यार्थी रूपेश का राज्य टॉपर सूची में नाम

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श विद्यालय, जशपुर नगर के होनहार छात्र रूपेश लायेक ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। रूपेश लायेक ने गत वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा में पहले 476 अंक प्राप्त किए थे। जिनका प्रतिशत में अंक 95.20 होता है। अंग्रेजी विषय में पुनर्मूल्यांकन के बाद उनके अंक 85 से बढ़कर 92 हो गए, जिसके फलस्वरूप उनका कुल प्राप्तांक 483 और प्रतिशत में कुल अंक 96.60 हो गया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ उन्होंने राज्य मेरिट रैंक 6 प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। रूपेश लायेक के पिता विनय लायेक पेशे से फूड वेंडर हैं, जबकि माता अन्नू लायेक गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद रूपेश की यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। रूपेश का सपना इंजीनियर बनना है और वे आगे तकनीकी क्षेत्र में देश की सेवा करना चाहते हैं।



### प्लांट और कोल खदान क्षेत्र के 53 गाँवों के शताधिक जरूरमंद बच्चे संस्थान में निवासरत

# जरूरतमंद बच्चों के लिए वरदान है जिंदल चिल्ड्रन होम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जिंदल फाउंडेशन जेपीएल तमनार द्वारा समाज के सबसे संवेदनशील जरूरतमंद वर्ग मातृ पितृ विहीन बच्चों के जीवन को नई दिशा और पहचान देने की दिशा में जिंदल चिल्ड्रन होम तमनार एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। जहां रायगढ़ के अतिरिक्त अन्य जिले के 100 बालक बालिका संस्थान में निवासरत हो शिक्षार्जन कर अपना विद्यार्थी जीवन संवार रहें हैं। ज्ञातव्य यह संस्थान न केवल मात्रपितृ विहीन बच्चों को सुरक्षित आश्रय प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रहा है। जिंदल चिल्ड्रन होम तमनार में इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है। यहां का उद्देश्य बच्चों को केवल सहारा देना ही नहीं, बल्कि उन्हें एक बेहतर भविष्य के लिए सक्षम बनाना भी है। इस विषय में परिचर्चा करते हुए ऋषिकेश शर्मा, विभागध्यक्ष, जिंदल फाउंडेशन, जेपीएल तमनार संवेदनशीलता और हर्ष व्यक्त करते हुए कहते है कि. संस्थान में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अनुभवी शिक्षकों के देखरेख और कुशल नेतृत्व में बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिंदल चिल्ड्रन होम का वातावरण बच्चों के लिए पारिवारिक स्नेह और सुरक्षा का अहसास करा रहा है। जिससे संस्थान में निवासरत बच्चों को अपने परिवार के समान परिवेश उपलब्ध हो रहा है। यहाँ निवासरत बच्चे शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र श्रेष्ठ हैं। इन बच्चों का प्रदर्शन अन्य बच्चों की तुलना में शानदार रहा है।




## आदर्श ग्राम्य भारती में मना सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

शीतकालीन अवकाश में जहां सारे विद्यालय बंद हैं वहीं आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल पुसौर सुशासन दिवस के महत्ता को समझते हुए अपने कुछ छात्रों को स्कूल में बुलाकर इस कार्यक्रम को सम्पन्न किया है। जानकारी के मुताबिक उक्त स्कूल के प्राचार्य घनश्याम साहू ने अपने कुछ स्टाफ तथा छात्रों को इसके लिए स्कूल में बुलाया।

वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव को निमंत्रित किया और यह कार्यक्रम बीते 25 दिसम्बर के लगभग 11 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्श एवं उनके द्वारा देश को दिये गए नित और गति पर प्रकाश डाला गया।

फ्री डायबिटीक फुट केयर
चैकअप कैम्प
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.
25 से 28 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371